मेरे अंगना में एक वारी आ साँवरिया नंद नंदना

मेरे अंगना में इक वारी आ ,साँवरिया नंद नंदना,

घर मेरे आओगे तो मिश्री खिलाऊंगी
घर मेरे आओगे तो माखन खिलाऊंगी
पेड़ा बर्फी मैं दूंगी मंगा साँवरिया नंद नंदना
मेरे अंगना में . . . . .

काली कमलिया लायी दूंगी मैं
मौर मुकुट मंगवाए दूंगी मैं
पीला पटका में दूंगी सिला साँवरिया नंद नंदना
मेरे अंगना . ... .

राधा जी की संग लेकर आना
मैं नाचूँ तुम मुरली बजाना
मेरे अंगना में ठुमका लगा
सावरिया नंद नंदना
मेरे अंगना. . ..

लाये दूंगी हरे बांस की पोरी
लाये दूंगी नूपुर की जोड़ी
मेरा मन मधुप पे रिझा साँवरिया नंद नंदना
मेरे अंगना . . . ..

कुञ्ज गौतम ब्रजवासी

स्वर : चित्र विचित्र

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13385/title/mere-angna-me-ik-vaari-aa-sanwariya-nand-nandana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |